तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 25.8 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 17 मई 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

11 बच्चे सीख रहें विविध विधाएं



12 तैराकी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक : कलेक्टर



# टेस्टिंग में पता चला 36 वर्ष पुराना, 96 मीटर लंबा, साढ़े 8 मीटर चौड़ा पुल अभी भी मजबूत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

एनआईटी रायपुर से इंजीनियर श्रीश देव, सन्नी देवाल ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि आड़ावाल रोड पर स्थित गोरियाबहार नाला में 37 वर्ष पुराने पुल में 9 मीटर लगाकर 48 घंटे रीडिंग किया। मंगलवार की दोपहर से गुरुवार के अपरान्ह तक ली गई रीडिंग से पुराना पुल मजबूत है। इंजीनियरों ने बताया कि 35 वर्ष निर्माण किए गए पुलों अवधि लगभग 50 साल रहती है, इसलिए यह पुल भी मजबूत है, इसमें यातायात शुरू किया जा सकता है। तीन दिनों तक इंजीनियरों के साथ लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता आरके गुरू, एसडीओ जीएस शोरी, उपयंत्री अजय कुमार गहलोत, जीवन नेताम की टीम जुटे रहे। बताया जा रहा है कि जांच से पूर्व पुराने पुल एवं नया पुल में यातायात शुरू किया था। पुराने पुल की टेस्टिंग के चलते उस पर यातायात बंद किया गया था।



- 48 घंटे लगे, 9 मीटर से 125 टन लोड देखने के बाद वापस लौटे एनआईटी के इंजीनियर
- आड़ावाल से पूर्व नाला के पुराने पुल में भी शुरू हो सकता यातायात

## एक सप्ताह में मिलेगी रिपोर्ट

एनएच के ईई आरके गुरू ने बताया कि टेस्टिंग के चलते गोरियाबहार नाला का पुराने पुल को बंद किया गया था, जो हटा दिया जाएगा। नया पुल के साथ-साथ पुराने पुल पर यातायात शुरू किया जाएगा, क्योंकि टेस्टिंग के दौरान पता चला कि पुराना पुल मजबूत है। हालांकि टेस्टिंग की रिपोर्ट लगभग एक सप्ताह में मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### नक्सल संगठन ने क्रॉस फायरिंग के नाम से 107 लोगों की हत्या का लगाया आरोप



**जगदलपुर।** दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी प्रवक्ता विकल्प ने पुलिस की 27 मुठभेड़ के दावों को झूठा करार देते हुए 18 मुठभेड़ों को फर्जी बताया है। विकल्प ने बताया कि जनवरी से अब तक दण्डकारण्य में मुठभेड़ व क्रॉस फायरिंग के नाम से 107 लोगों की हत्या की गई है। जारी प्रेसनोट के मुताबिक 27 घटनाओं को फोर्स द्वारा अंजाम देने का दावा किया गया लेकिन इनमें 18 मुठभेड़ झूठी है। उसने जनवरी से अभी तक मारे गए 107 लोगों में 40-45 ग्रामीण को मारने का आरोप लगाया है। वहीं शांति वार्ता के लिए दिए गए नक्सलियों के बयान पर सरकार की ओर से सीधा जवाब नहीं देने का आरोप भी लगाया है। प्रेसनोट में वार्ता के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित करने सरकार पर दबाव बनाने तमाम संगठनों से अपील की गई है।

### महिला ने घर में फांसी लगा की आत्महत्या

**कांकेर।** गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 17 रविंद्र नगर निवासी 17 वर्षीय बिशाखा मंडल पति गोपाल मंडल ने 15 मई की शाम साढ़े 4 बजें घर के म्यार में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के बेटे ने पुलिस को बताया कि उनकी मॉ ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या किया है।

### युवती ने फांसी लगा की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत ग्राम मदले में 15 मई को सुबह साढ़े 9 बजें मंगहूर निवासी सनोतिन उईके पिता मंगलूराम ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मदले निवासी 48 वर्षीय सोतूराम ने पुलिस को बताया कि मृतिका अपने पुराने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम भैसाबेड़ा निवासी 71 वर्षीय शरादू दर्रो पिता सुंदरलाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते 15 मई को सुबह पौने 8 बजें फांसी लगा लिया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। बुजुर्ग द्वारा फांसी लगाने के कारणो का अभी पता नही चल पाया है।

### अरुण बने किसान कल्याण संघ के अध्यक्ष

**जगदलपुर।** बस्तर किसान कल्याण संघ की नई कार्यकारिणी का गठन गुरुवार को किया गया। पूर्व की कमेटी के कार्यकाल के समाप्त होने पर आज किसान कल्याण संघ की बैठक बुलाई गई, जिसमें सर्वसम्मति से अरुण त्रिपाठी को अध्यक्ष, जोगेंद्र चंद्राकर एवं लखीधर बघेल को उपाध्यक्ष, जितेंद्र खत्री को सचिव, मनोज टांक सहसचिव और रमेश चावड़ा को कोषाध्यक्ष पद हेतु सर्वसम्मति से चुना गया।

### जहर खाकर युवक ने की आत्महत्या

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सीएचसी में 15 मई को दोपहर सवा 1 बजें ईलाज के दौरान नया गोण्डाहूर निवासी 26 वर्षीय गन्नू कड़ियाम पिता मुकेश का मौत हो गया। नया गोण्डाहूर निवासी 32 वर्षीय दानू कड़ियाम पिता मुकेश ने पुलिस को बताया कि मृतक धान कुटाने के लिए गया था, वहाँ से वापस घर आने के बाद जहर खा लिया और तालाब की ओर चला गया था।

*व्यवस्थाः राजस्व प्राप्ति के साथ ही रिकार्ड का होगा शुद्धिकरण*

# नगर निगम क्षेत्र के 11 ग्रामों को किया गया नजूल घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा जिले के नगरीय निकाय क्षेत्र जगदलपुर के 11 ग्रामों को नजूल घोषित किया गया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राजस्व पुस्तिका परिपत्र में प्रदत्त अधिकारों के तहत शहरी क्षेत्रों के आसपास के पांच मील के भीतर की आबादी एवं काबिज काश्त और घास भूमि को नजूल में परिवर्तित करने का आदेश जारी किया है।

- पांच मील के भीतर की आबादी, काबिज कास्त और घास भूमि को नजूल में परिवर्तित करने का आदेश

छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-2 में दी गई नगरीय क्षेत्र की परिभाषा के अनुसार किसी ग्राम को स्थानीय निकाय घोषित करने अथवा उसकी सीमाओं में सम्मिलित करने से ग्राम की आबादी तथा अन्य महत्वपूर्ण खाली भूमि नजूल हो जाती है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजपत्र असाधारण में प्राधिकार से प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा-5(क) की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगरपालिका परिषद जगदलपुर जिला बस्तर की वर्तमान सीमा में तहसील जगदलपुर के 11 ग्राम सरगीपाल, कंगोली, धरमपुरा, अघनपुर, पखनागुडा, फ्रेजरपुर, हाटकचोरा, करकापाल, कोहकापाल, आसना, जगदलपुर क्षेत्रों का नगरपालिका के पुनरीक्षित व संशोधित सीमाओं के अन्तर्गत संपूर्ण क्षेत्र को राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड चार-1 के प्रावधानों के अन्तर्गत नजूल घोषित किया गया है। इस प्रकार जिले के नगरीय निकायों की आबादी एवं घास भूमि को कलेक्टर द्वारा नजूल भूमि के तौर पर घोषित किए जाने से इसका लाभ नगर निगम क्षेत्र में निवासरत लोगों को मिलेगा। ज्ञात हो कि नजूल घोषित नहीं होने से काबिज व्यक्तियों को भूमि स्वामी हक का लाभ नहीं मिलता है और सुव्यवस्थित नागरिक सुविधाओं यथा सड़क, नाली, बिजली इत्यादि का समुचित विकास नहीं हो पाता है।

### पूर्व से प्राप्त पट्टों को फ्री-होल्ड किया जा सकेगा

*जिला कार्यालय की नजूल शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम के 11 ग्रामों को नजूल भूमि घोषित की गई है। नजूल घोषित होने से पूर्व से प्राप्त पट्टों का फ्री-होल्ड किया जा सकेगा। इससे भूमि स्वामी द्वारा पट्टे से प्राप्त भूमि का क्रय-विक्रय किया जा सकेगा तथा वह बैंक से ऋण प्राप्त कर सकेगा। इसके अलावा जमानतदार के तौर वह पट्टा प्रस्तुत कर सकता है, साथ ही अपने स्थल का भू-अधिकार प्राप्त कर सकता है। इससे शासन को राजस्व की प्राप्ति होगी, साथ ही राजस्व रिकार्ड का शुद्धिकरण भी होगा।*



फाइल फोटो

### सीमांकन व माप में आसानी होगी

*01/500 स्केल में नजूल का नक्शा शीट तैयार होने से भू-खण्डों के सीमांकन व माप में आसानी होगी साथ ही भूमि संबंधी विवादों में कमी आएगी। ग्राम एवं नगर निवेश क्षेत्र के अन्तर्गत आने से विकास कायोंर् में तेजी आएगी और भूमि का प्रबंधन आवासीय व व्यावसायिक दृष्टि से सही तरीके से हो पाएगा। नजूल क्षेत्र घोषित होने के कारण राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड चार-1 के प्रावधानों के अनुसार संबंधित ग्रामों का नजूल अभिलेख निर्माण एवं आबादी स्थल पर स्थित भू-खण्डों के भू-भाटक के निर्धारण एवं पुनरीक्षण की कार्यवाही संपादित की जाएगी। प्रशासन द्वारा नजूल का प्रस्ताव के आधार पर नगर निगम क्षेत्र का नक्शा बनाने के लिए राज्य को भेजा गया था। नक्शा बनकर आने के बाद इसमें आवश्यक कार्यवाही नजूल शाखा द्वारा किया जा रहा है।*

# 1 लाख के इनामी हार्डकोर नक्सली समेत दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- एरिया डोमिनेशन के दौरान संयुक्त पार्टी ने घेराबंदी कर पकड़ा
- सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र की वारदात

सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना से एरिया डोमिनेशन के लिए निकली डीएफ व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी ने दो नक्सलियों को दुलेड़ के जंगल में घेराबंदी कर पकड़ा। धरे गए नक्सलियों में एक पर एक लाख का इनाम घोषित था। नक्सलियों को गिरफ्तार करने में जिला बल सुकमा व सेंकड बटालियन सीआरपीएफ की विशेष भूमिका रही है। सुकमा जिले में आईजी सुन्दरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ के मार्गदर्शन व एसपी सुकमा किरण चव्हाण, सीआरपीएफ सेंकड बटालियन ▶▶| शेष पेज 10 पर

### इन घटनाओं में थे शामिल

पूछताछ में दोनों ने नक्सल संगठन में कार्य करने बताया जिसके बाद उन्हें थाना लाकर नक्सल रिकार्ड चेक करने पर दोनों नक्सलियों के खिलाफ थाना चिंतागुफा क्षेत्र में 1 सितम्बर 2023 को मिनपा जाने वाले मार्ग में एक ग्रामीण का अपहरण कर हत्या करने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रहना पाया गया। इस मामले में उनके खिलाफ धारा 147, 148, 149, 302 भादवि. 25 आर्म्स एक्ट के मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# स्टेट बैंक व सर्किट हाउस रोड से हटेगा वन-वे



- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर महापौर व पार्षदों ने कलेक्टर, एसपी से की मुलाकात
- दोनों मार्गों से वन वे व्यवस्था समाप्त करने कहा, जिला व पुलिस प्रशासन ने जतायी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के निर्देश पर गुरूवार को महापौर सफीरा साहू, पार्षद संजय पाण्डेय, यशवर्धन राव, भारती श्रीवास्तव व आलोक अवस्थी ने कलेक्टर विजय दयाराम के. एवं पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा से स्टेट बैंक रोड व सर्किट हाउस रोड में वन वे की व्यवस्था समाप्त करने के संबंध में चर्चा की। लोगों सहित क्षेत्र के व्यापारियों को हो रही असुविधाओं के विषय में बात की गई। जिला व पुलिस प्रशासन ने दोनों मार्ग में वन वे समाप्त करने सहमति जतायी है। स्टेट बैंक रोड व सर्किट हाउस रोड से वन वे व्यवस्था हटायी जायेगी। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम करने प्रयोग के तौर पर 2 मई से स्टेट बैंक रोड व सर्किट हाउस रोड को वन वे किया गया था। दोनों मार्ग में पांच चौराहे होने के कारण वन वे का प्रयोग बाधित हो रहा था व लोगों सहित व्यापारियों को लगातार परेशानी हो रही थी। जिसको संज्ञान में लेते हुये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने महापौर एवं पार्षदों को जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के साथ बैठक करने निर्देशित किया। कलेक्टोरेट में हुई बैठक में शहर की ▶▶| शेष पेज 10 पर

# अवैध रूप से संचालित क्लिनिक को बीएमओ व तहसीलदार ने किया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के डॉ. आरके चतुर्वेदी के आदेश पर ग्राम सतोषा केंदुगुड़ा पारा में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक को खंड चिकित्सा अधिकारी एवं तहसीलदार करपावंड ने सील कर दिया। बकावंड के बीएमओ हरीश मरकाम ने बताया कि दीपांकर मंडल नामक व्यक्ति द्वारा गांव के एक व्यक्ति के काम्पलेक्स को किराए में लेकर कई वर्षों से चला रहा था। सामान्य मरिज के अलावा डेंटल के मरिजों का भी इलाज करता था, उसके एवज में मोटी फीस 1000, 1500 रूपए फीस लेता था, केवल बीपी जांच का 50 रूपए लेता था। ग्रामीणों को अनावश्यक रुप से बाटल अर्थात ड्रिप लगाने का व्यापार शुरू कर दिया था। इस व्यक्ति ने बगैर रजिस्ट्रेशन के अवैध मेडिकल स्टोर ▶▶| शेष पेज 10 पर


- कार्रवाई के दौरान फर्जी डॉक्टर फरार

# बारिश के पूर्व शहर के सभी बड़े नालों की हो रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर पालिका निगम क्षेत्र के अंतर्गत बारिश के पूर्व शहर के सभी बड़े नालियों की साफ सफाई का कार्य गैंग लगाकर किया जा रहा है। आयुक्त हरेश मंडावी के पहल पर पूर्व नियोजित कार्य योजना बनाकर बड़े नालियों एवं वार्डो के नालियों की सफाई को लेकर विगत 6 माह पूर्व से ही कर्मचारियों के द्वारा गैंग लगाकर सफाई नियमित रूप से कराई जा रही है। सफाई कर्मचारियों की गैंग शहर के वार्डो के हिसाब से जोन वाइज टीम बनाई गई है, जिनके द्वारा सफाई की जा रही ▶▶| शेष पेज 10 पर

- 6 माह से सफाई कर्मचारियों का गैंग कार्य में जुटा



### पहले से की तैयारी इसलिए कर्मचारियों का परिश्रम कम

लगातार गैंग के माध्यम से सफाई करने के कारण अभी कर्मचारियों को मेहनत कम लग रहा है। शहर की सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम कार्ययोजना के साथ कार्य कर रहा है। इसके हमें सार्थक परिणाम मिल रहे हैं। इसी तरह सभी के सहयोग से जगदलपुर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाएंगे।

**-हरेश मंडावी,** आयुक्त नगर निगम

## नए स्टेशन भवन निर्माण के बाद पार्किंग एरिया का होगा विस्तार

# रेलवे परिसर में 80 साल पुराने विशाल साल वृक्षों की कटाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रेलवे स्टेशन के बाहर परिसर में लगभग 80 साल पुराने साल के विशाल वृक्ष की कटाई की गई। बताया गया कि नए रेलवे स्टेशन भवन निर्माण में पार्किंग का विस्तार किया जाना है। वर्तमान पार्किंग स्थल नए भवन के जेहद में आ रहा है। नया पार्किंग अब पीडब्लूआई ऑफिस के कार्यशाला स्थल में परिवर्तित कर वहां सर्व सुविधायुक्त पार्किंग तैयार किया जाएगा। जहां मोटर बाइक के अलावा कार, समेत अन्य चार पहिया वाहन पार्क करने की सुविधा बहाल हो सके। वृक्ष कटाई वन विभाग द्वारा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि रेलवे विभाग पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग का ध्यानाकर्षण कराया था। जिसके बाद कटाई कार्य वन अमला द्वारा कराया जा रहा है। रेलवे क्षेत्र में सैकड़ों साल के वृक्ष जो पूरी तरह सूख चुका है और तेज आंधी हवा में धराशाई होने का खतरा बना है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी है। ऐसे में 122 पेड़ों को वन विभाग चिन्हित कर कटाई की कार्रवाई प्रारंभ किया है। वर्तमान में 10 विशाल वृक्ष की कटाई की जा चुकी है। आने वाले दिनों में अन्य वृक्षों की कटाई की जानी है। वृक्षों की कटाई की देर से जानकारी मिलने पर पर्यावरण प्रेमियों में आक्रोश है। पर्यावरणविद संपत झा ने कहा 21 वीं सदी अत्याधुनिक तकनीकी सुविधा से लैस है ऐसे उपाय से पेड़ों को बचाया जा सकता था। कोई भी विकास कार्य पर्यावरण दृष्टि को ध्यान में रखकर किया जा सकता। रायपुर में कार्य मे बाधा बन रहे प्राचीन पीपल वृक्षों की कटाई का निर्णय लिया गया था, किन्तु लोगों के विरोध के बाद कटाई का निर्णय वापस लेना पड़ा। मुंबई में भी पेड़ों की कटाई किये बिना विकास कार्य के लिए निर्माण किया गया। सरकार को समझना होगा कोई भी विकास विनाश का कारण नहीं बने। भविष्य में पेड़ों की कटाई होती है तो इसका विरोध किया जाएगा।



लगभग 10 विशाल वृक्ष पार्किंग में बन रहे थे रोड़ा, हटाया गया

### 122 वृक्ष चिन्हित

रेलवे क्षेत्र में पेड़ों की कटाई वन विभाग स्वयं करा रहा है। रेलवे परिसर में 60 से 80 वर्ष पुराने साल के वृक्ष है जो पूरी तरह से सुख गए हैं रेलवे विभाग सूखे पेड़ के तेज हवा में गिरने का खतरा बताते विभाग को लिखित में आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन पर रेलवे क्षेत्र में सूखे पेड़ों का सर्वे कराया गया। 122 वृक्ष को चिन्हित किया गया है इन पेड़ों की कटाई की जाएगी।

**- देवेंद्र यादव, रेंजर,** जगदलपुर

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

